

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ऋषिकेश और मुंबई में कला धाम खोलेंगे सूफी गायक कैलाश खेर

**संवाददाता** ऋषिकेश। विख्यात सूफी गायक पद्मश्री कैलाश खेर ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने मुंबई और परमार्थ निकेतन में 'कैलाश खेर एकेडमी फार लर्निंग आर्ट' खोलने के विषय में विशद चर्चा की। इस अवसर पर शास्त्रीय गायक पद्मश्री प्रहलाद टिपन्या भी उपस्थित थे। परमार्थ निकेतन प्रवास पर पहुंचे सूफी गायक कैलाश खेर ने गंगा आरती में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अपनी रूहानी आवाज में सूफी संगीत और संत कबीरदास रचनाएं गायी, दोनों गायकों की जुगलबंदी अद्भुत थी।

### देश की सामाजिक समरसता को खंडित करने का रचा जा रहा कुचक्र

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने गांधी पार्क में सर्वधर्म समभाव प्रार्थनासभा का आयोजन किया। सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट मौन रखकर विश्व शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद वक्ताओं ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश की सामाजिक समरसता व समभाव के ताने–बाने को खंडित करने का कुचक्र रचा जा रहा है। गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने कांग्रेस नेता प्रार्थनासभा में शामिल हुए।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने शुरू किया हम है हाइब्रिड अभियान

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा कंपनी 2050 साल तक 'कार्बन तटस्थता' को साकार करने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध है, हमारे देश के, कार्बन उत्सर्जन में कमी और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना इन प्रमुख राष्ट्रीय लक्ष्यों के समर्थन में उतरा है। हमने 2015 की शुरूआत में हस्तक्षेप करना शुरू किया था, जहां वैश्विक स्तर पर टोयोटा ने छह विषयों गठन कर एक पर्यावरणीय चुनौती ली थी जिनमें से तीन वाहनों से केवल शुन्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा की ओर हैं।

### अस्पष्ट जुबान ब्रेन डिसऑर्डर, एफेसिया के हैं लक्षण

**संवाददाता** देहरादून। हॉलीवुड अभिनेता ब्रूस विल्स को हाल ही में एक ऐसी बीमारी डायग्नोज हुई है जिसे एफेसिया डिसऑर्डर कहा जाता है। इस वजह से उन्होंने अभिनय के पेशे से दूर रहने का फैसला किया है जो उनके प्रशंसकों के लिए बड़ा झटका है। यह डिसऑर्डर मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्यों वाले खास हिस्सों को नष्ट कर देता है जिससे जुबानबोली के उच्चारण में आंशिक अस्पष्टता आती है। लड़खड़ाती जुबान के कारण ऐसे लोगों को दूसरों की बात समझने में भी दिक्कत आती है या दूसरों को समझाने में दिक्कत आती है।

# जल संचय की दिशा में सबको मिलकर प्रयास करने होंगेः सीएम

**शुभकामनाएं**

■ सीएम ने सचिवालय में पेयजल विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में पेयजल विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में ठोस कार्य योजना बनाई जाय। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य किये जाय। इसे वर्क कल्चर में लाना जरूरी है। जल संचय की दिशा में सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इसमें जन सहयोग भी जरूरी है। जन सहभागिता से होने वाले कार्यों के अच्छे परिणाम मिलते हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जिस भी विभाग द्वारा वृक्षारोपण करवाया जाता है, उन वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्द्धन की पूरी जिम्मेदारी भी संबंधित विभागों की होगी। उन्होंने कहा कि नलकूप एवं हैण्डपम्प जिस भी विभाग या संस्था द्वारा लगाये जा रहे हैं, उनके मेंटिनेंस के लिए उनकी जिम्मेदारी भी तय की जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जल जीवन मिशन के कार्यों में और तेजी लाई जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जल जीवन मिशन के तहत जिन घरों में नल लग चुका है, उनमें शुद्ध गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध हो। हर घर नल, हर घर जल पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाय। पेयजल की उपलब्धता के लिए जो व्यावहारिक दिक्कते आ रही हैं, उनका शीघ्रता से समाधान किया जाए। ग्रीष्मकाल में प्रदेश के किसी भी जनपद में पेयजल की कमी न हो, इसके लिए उपलब्ध साधनों के साथ ही शीघ्र ही प्रत्येक जनपद को दो–दो वाटर टैंकर उपलब्ध कराये जाएं। गर्मियों में पेयजल समस्या का समाधान एक बड़ी चुनौती है। पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सभी की प्राथमिकताओं में है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जलापूर्ति के लिए सुनियोजित व्यवस्था की जाय। चारधाम यात्रा मार्गों पर उच्च गुणवत्ता के 500 वाटर एटीएम लगाये जाए। वाटर एटीएम के साथ पानी की गुणवत्ता को भी डिस्प्ले किया जाय। चारधाम यात्रा आस्था का प्रतीक है। देश विदेश से लाखों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आते है। श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि यात्रा मार्गों पर सुलभ शौचालयों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता रहे। सचिव पेयजल श्री नितेश कुमार

> *आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जलापूर्ति के लिए सुनियोजित व्यवस्था की जाय।*
> –पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।

झा ने जानकारी दी कि जल जीवन मिशन के तहत उत्तराखण्ड में तेजी से कार्य हो रहा है। जल जीवन मिशन के तहत कार्य प्रगति में उत्तराखण्ड देश में छठवें स्थान पर है। जल जीवन मिशन के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को शत प्रतिशत कवर कर लिया गया है। जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत राज्य के 62 प्रतिशत कनेक्शन दिये जा चुके हैं। दिसम्बर 2023 तक इसे शत प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। नाबार्ड फंड की 280 योजनाओं में से 244 पूर्ण हो चुकी है, शेष 36 इस साल पूरी हो जायेगी। नमामि गंगे की 23 योजनाओं में से 19 पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि 04 पर कार्य प्रगति पर है। पिछले 05 वर्षों में मा. मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत 336 घोषणाओं में से 293 के शासनादेश हो चुके हैं। जिसमें से 133 पूर्ण हो चुकी हैं जबकि 160 पर पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, अपर सचिव नितिन भदौरिया, डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, उदयराज एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के किए गए भरपूर प्रयास

**जनता मिलन**

■ महापौर की उपस्थिति में सुनी गई 105 समस्याएं, कई समस्याओं का मौके पर हुआ निस्तारण

**संवाददाता**



ऋषिकेश। नगर निगम महापौर के प्रयास से छोटी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतगर्त एक वृहद शिविर का आयोजन किया गया था। मौके पर ही 105 लोग की जन समस्याएं सामने आई जिनमें अधिकांश का निस्तारण विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया।

बुधवार को पुष्कर मंदिर मार्ग पर जनता मिलन का शुभारंभ करते हुए नगर निगम महापौर अनीता ममगाई ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्ष में नगर निगम की ओर से आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने के भरपूर प्रयास किए गए हैं।

आपकी छोटी सरकार आपके अधिकार के लिए आपके द्वार पहुंची है। शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को सभी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। क्षेत्रवासी शिविर में योजनाओं का लाभ अवश्य लें। इस दौरान महापौर ने शिविर में मोजूद रहे तमाम विभागों के अधिकारियों को त्वरित गति से जनसमस्याओं के निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा लोगों की समस्याओं को समाधान करना उनकी प्राथमिकता है।

निगम की कमान संभालने के बाद जनता दरबार कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें कोरोनाकाल की वजह से व्यवधान डल गया था। अब चरणबद्ध तरीके से इस तरह के जनता दरबार कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को भी चाहिए कि वह सारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं और उनका लाभ भी जनता को पहुंचाएं।

महापौर ने विधवा पेंशन, राशन कार्ड, पुलिस संबंधित शिकायतें, भवन कर संबंधित शिकायतें, लाइट से संबंधित शिकायतें, श्रम विभाग से संबंधित शिकायतें, पानी बिल संबंधित शिकायतें, बिजली बिल संबंधित आदि विभिन्न समस्याओं को सुना। इसके के पश्चात संबधित विभागों को एक हफ्ते के अंदर समस्याओं के निदान के पश्चात फीडबैक देने के लिए कहा है।

### दून में 103 रुपये 73 पैसे लीटर मिल रहा पेट्रोल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में पेट्रोल के दाम 100 रुपये पार चल रहे हैं। वहीं बुधवार को लगातार 14वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़त दर्ज नहीं की गई है।

**देहरादून में नौ रुपये 66 पैसे महंगा हुआ पेट्रोलः** पेट्रोल की कीमतों में 14वें दिन से बढ़ोतरी नहीं हो रही है। 21 मार्च को देहरादून में पेट्रोल की कीमत 94 रुपये 07 पैसा प्रति लीटर थी। बुधवार को यह 103 रुपये 73 (इंडियन आयल) पैसे रही। इस हिसाब से पेट्रोल के दाम नौ रुपये 66 पैसे बढ़े हैं।

**हर दिन सुबह छह बजे तय होती है कीमतेंः** पेट्रोल–डीजल की कीमतें हर दिन सुबह छह बजे बदलती हैं। कीमतों में यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड आयल की कीमतों के आधार पर किया जाता है। इसकी समीक्षा कर तेल कंपनियां ईंधन के रेट तय करती हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।